## जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 29.01.2025 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 29.01.2025 को आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, कानपुर नगर।
4. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, कानपुर नगर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
7. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. सहायक अभियन्ता(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
9. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
11. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
12. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा।
13. ए0वी0पी0 मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :–

1. फर्म मै0 वी0एस0ए0 के परियोजना प्रबन्धक श्री रामशरण द्वारा अवगत कराया गया कि 116 नग पेयजल योजनाओं में से मात्र 17 नग योजनाएं पूर्ण है, जोकि सिर्फ 14.65 प्रतिशत ही है जबकि अनुबन्ध के अनुसार दिनांक 31.12.2024 तक समस्त योजनाएं (116 नग योजनाएं) पूर्ण हो जानी चाहिये थी। फर्म मै0 वी0टी0एल0 के ए0वी0पी0 श्री मनीष कुमार शांडिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 13.08.2022 को 23 नग पेयजल योजनाओं का अनुबन्ध किया गया था, जिसके सापेक्ष सिर्फ 15 नग योजनायें पूर्ण है। मै0 वी0टी0एल0 की कुल 309 नग योजनायें प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष कुल मात्र 26 नग योजनायें पूर्ण है, जोकि सिर्फ 8.41 प्रतिशत ही है, जबकि अनुबन्ध के अनुसार 300 नग योजनायें पूर्ण हो जानी चाहिये थी। यह स्थिति अत्यन्त उदासीनता

का द्योतक है। जिसके हेतु अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को उक्त दोनों फर्मों को शिथिलता एवं उदासीनता हेतु अनुबन्ध के अनुसार नोटिस जारी किया जाए।

**(कार्यवाही–अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))**

2. जल जीवन मिशन की आगामी समीक्षा बैठक से विभाग के मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0) अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

**(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))**

3. फर्म मै0 वी0एस0ए0 की 17 नग पेयजल योजनायें पूर्ण है, जिसके सापेक्ष पंचायतीराज विभाग के पोर्टल पर Handing over & Taking over (HOTO), हेतु सिर्फ 03 नग योजनायें ही अपलोड की गयी है जोकि मै0 वी0एस0ए0 के कार्यों की शिथिलता को प्रदर्शित करता है।

**(कार्यवाही–मै0 वी0एस0ए0 / अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))**

4. फर्म मै0 वी0एस0ए0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रामशरण द्वारा अवगत कराया गया कि Handing over & Taking over (HOTO) हेतु 03 नग योजनायें क्रमशः 1. ताजपुर पेयजल योजना, 2. अखरी पेयजल योजना एवं 3. नरसीरापुर पेयजल योजना पंचायतीराज के पोर्टल पर अपलोड की गयी थी, जबकि पंचायतीराज विभाग एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा समस्त 03 नग योजनाओं में पायी गयी कमियों जैसे– सड़क पुर्नस्थापना, मानक के अनुसार पानी का टैप के माध्यम से डिस्चार्ज, कुछ बचे हुये गृह जल कनेक्शन एवं अन्य कमियों के कारण पोर्टल के माध्यम से उल्लिखित योजनाओं को फर्म को वापस (रिवर्ट) कर दिया गया है।

**(कार्यवाही–मै0 वी0एस0ए0)**

5. फर्म मै0 वी0टी0एल0 के ए0वी0पी0 श्री मनीष शांडिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि Handing over & Taking over (HOTO) हेतु 02 नग योजनायें क्रमशः 1. प्रधानपुर पेयजल योजना एवं 2. ओरिया पेयजल योजना पंचायतीराज के पोर्टल पर अपलोड की गयी थी, जबकि पंचायतीराज विभाग एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि दोनों नग योजनाओं की जॉचोंपरान्त पायी गयी कमियों को इंगित कर पोर्टल के माध्यम से फर्म को वापस (रिवर्ट) कर दिया गया है।

**(कार्यवाही–मै0 वी0टी0एल0)**

6. फर्म मै0 वी0टी0एल0 को जनपद कानपुर नगर में 309 नग योजनायें प्रस्तावित है, जिसमें 01 नग योजना में जमीनी विवाद एवं 8 नग योजनाओं में अन्य वजह से विवाद है, शेष 300 नग योजनाओं को अनुबन्ध के अनुसार पूर्ण हो जानी चाहिये थी, जबकि योजनाओं में निर्माण कार्य कराया जाना शेष है।

**(कार्यवाही–मै0 वी0टी0एल0 / अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))**

7. अनुबन्ध के अनुसार योजना की समयावधि के पश्चात भी योजनायें पूर्ण नहीं है व जो पूर्ण है उनमें भी कमियाँ है एवं हैण्डओवर की प्रक्रिया भी ठीक से नहीं की जा रही, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया व निर्देशित किया गया कि दिनांक 31.12.2024 तक लक्षित पूर्ण योजनाओं के सापेक्ष अपूर्ण योजनाओं में नियमानुसार अर्थदण्ड निर्धारित कर पत्र अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को

जिलाधिकारी / अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा प्रेषित कराने के निर्देश दिए। परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0 को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रस्ताव का परीक्षण कर प्रस्तुत करॉए।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) / परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0)

8. टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री मानधाता सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 वी0एस0ए0 एवं मै0 वी0टी0एल0 के कई योजनाओं में नियमित जलापूति की जगह कभी–कभी जलापूर्ति की जाती है। योजनाओं के सड़क मरम्मत / पुर्नस्थापना की स्थिति मानक अनुरूप नहीं है। कई योजनाओं में निर्माण कार्य बहुत दिनों से बन्द है, जिससे योजनाओं की प्रगति अत्यन्त धीमी है। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि नियमित अनुश्रवण कर योजनाओं की नियमानुसार चालू करॉए व टी0पी0आई0 द्वारा चिन्हित समस्त अनियमितताओं पर सुधारात्मक व दण्डात्मक कार्यवाही करें।

(कार्यवाही–डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 / अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

बैठक ससमय सम्पन्न हुयी ।

मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
कानपुर नगर

**पत्रांक–** 589/W-13/67A **दिनांक** 22-02-2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थः–**

1. जिलाधिकारी महोदय / अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, कानपुर नगर।
4. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, कानपुर नगर।
5. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0 / यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंनियर, खण्डान्तर्गत।
9. मै0 वी0एस0ए0–एस0एम0सी0, हैदराबाद।
10. मै0 जिवनध्य टेलीलिन्क्स–गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
11. डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
12. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।

मुख्य विकास अधिकारी / उपाध्यक्ष